Title: Demand to increase the quota fixed for the export of onion from Maharashtra and provide compensation to onion growers for their losses.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार प्रतिर्वा चार लाख मीट्रिक टन प्याज का निर्यात करती है। देश में प्याज का जो कुल उत्पादन होता है, उसमें से 75-80 परसेंट महाराट्र में होता है। लेकिन जब प्याज को निर्यात करने की बात होती है तब महाराट्र के किसान के साथ बहुत बड़ी प्राब्लम खड़ी हो जाती है। महाराट्र सरकार के बार-बार निवेदन के बावजूद भारत सरकार के विदेश व्यापार महानिदेशक ने महाराट्र स्टेट एग्रीकल्चर मार्केटिंग बोर्ड को केवल 10,000 मीट्रिक टन प्याज निर्यात करने का कोटा आबंटित किया है,

जबकि कुल कोटा प्याज जारी करने का 50 हजार मिट्रिक टन है । महाराट्र की मंडियों में प्याज आना शुरू हो गया है। प्याज की आयु बहुत कम होती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूं कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और महाराट्र के किसानों को जो नुकसान होने वाला है, उसकी पूर्ति करे । इसके अला वा मैं विनती करता हूं, जो कोटा दस हजार मिट्रिक टन है, उसके बढ़ाकर 15 हजार मिट्रिक टन देने का सरकार निर्णय करे ।